aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 12 PREPARATION

Karnataka 2nd PUC Model Question Paper 2027 for Hindi (Paper 4)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

GOVERNMENT OF KARNATAKA

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

6th CROSS MALLESHWARAM BENGALURU - 560003

2026-27 II PUC MODEL QUESTION PAPER - 4

SUBJECT: HINDI (03) **MAXIMUM MARKS : 80**

TIME: 3.00 HOURS **NUMBER OF QUESTIONS:42**

सूचना :

1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3) प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

खण्ड-'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिएः **10×1=10**

1. 'सुजान भगत' कहानी में प्रेमचन्द का उद्देश्य है-

i) भक्त बनने के महत्व को अवगत कराना ii) परिश्रम के महत्व पर जोर देना

iii) परिवार को खुश रखने पर जोर देना iv) दान-धर्म के महत्व को समझाना

2. मन्नू भंडारी को प्रभावित करने वाली हिन्दी प्राध्यापिका का नाम है-

i) बेला अग्रवाल ii) सुशीला अग्रवाल iii) शीला गुप्ता iv) शीला अग्रवाल

3 'खड़क वासला' के आटोमेटिक गेटों के डिजाइन की नकल इस नहर के लिए की गई थी -

i) अमेरिका की 'पनामा' नहर ii) जर्मनी की 'न्यू वॉटरवे' नहर

iii) स्वीडन की 'गोटा' नहर iv) रूस की 'वोल्गा डॉन' नहर

4. शामनाथ अपनी माता को हरिद्वार भेजना नहीं चाहते थे, क्योंकि-

i) माँ से बिछुड़कर वे जी नहीं सकते

ii) हरिद्वार भेजने के लिए पैसे नहीं हैं

iii) बेटे को पसंद नहीं था कि माँ हरिद्वार चली जाए

iv) माँ हरिद्वार चली गई तो फुलकारी कौन बनाएगा

5. लेखिका ममता कालिया ने इन्हें अनुशासन प्रिय कहा है-

i) जापानी लोग ii) सुरेश ऋतुपर्ण iii) भारतीय लोग iv) फुजुई ताकेशी

6. 'गहने' कविता के अनुसार बेटी इन्हें गहने मानती है-

i) पिता को ii) माता के मातृत्व को iii) रंगीन कपड़ों को iv) सुन्दरता को

7. राम-कृष्ण की जन्म भूमि मन में क्या भरती है?

i) मुद मंगल ii) मृदु मंगल iii) कीर्ति iv) वीरता

8. दादाजी के अनुसार घृणा को इससे नहीं मिटाया जा सकता-

i) प्यार से ii) ईर्ष्या से iii) घृणा से iv) स्नेह से

9. व्यक्ति इन गुणों से बड़ा होता है-

i) बुद्धि और योग्यता से ii) बुद्धि और समृद्धि से

iii) अहं और प्रतिष्ठा से iv) विनय और मुग्धता से

10. 'ओसाका जो' में 'जो' का अर्थ है-

i) मंदिर ii) किला iii) तालाब iv) हिरन-वन

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिएः **5x1=5**

(पर, के लिए, को, से, के, का)

11. मंदिर _____ हिरन वन का रास्ता रंगबिरंगी पत्तियों से बिछा हुआ था।

12. चैत _____ महीना था।

13. सैनिक देश _____ अपना सर्वस्व निछावर करते हैं।

14. पाठशाला _____ सामने खेल का मैदान है।

15. पेड़ की डाली _____पंछी अपना घोंसला बनाते हैं।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिएः **5x1=5**

16. a) पत पानी बनाना i) लज्जित होना

b) आग बबूला होना ii) तैयार होना

c) पानी-पानी होना iii) खुशियाँ मनाना

d) कमर कसना iv) बहुत क्रोधित होना

e) घी के दिए जलाना v) सम्मान बढ़ाना

vi) धाक जमाना

खण्ड-'ख'

अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x3=6**

17. मन की शक्ति कैसी है?

18. चित्रगुप्त ने धर्मराज से क्या कहा?

19. मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

20. पिताजी के प्रति मन्नू भंडारी के क्या विचार थे?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **2x3=6**

21. 'छाती फाड़-फाड़कर काम करते हैं, तब दाना घर में आता है।'

22. 'वत्स देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

23. 'मेरी माँ गाँव की रहनेवाली हैं। उमर-भर गाँव में ही रही हैं।'

24. 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: **1x3=3**

25. रैदास ने किस प्रकार के राज्य का वर्णन किया है?

26. कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: **1x3=3**

27. कवि नरेंद्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है?

28. पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए।

29. दक्षिण प्रदेश की महत्ता को अपने शब्दों में लिखिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **2x3=6**

30. दोउ भुज पकरि, कहयौ कहँ जैहौं माखन लेउँ मँगाइ।
तेरी सौं मैं नेकुँ न खायौ, सखा गये सब खाइ।
मुख तन चितै, बिहँसि हरि दीन्हौ, रिस तब गई बुझाइ।

अथवा

कनक कनक तैं सौगुनौ, मादकता अधिकाइ।
उहिं खाऐं बौराइ, इहिं पाऐं ही बौंराइ॥

31. वे सूने से नयन, नहीं-
जिनमें बनते आँसू-मोती;
वह प्राणों की सेज, नहीं-
जिनमें बेसुध पीड़ा सोती;

अथवा

आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।

खण्ड-'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1x5=5**

32. दादाजी ने परेश को किस प्रकार समझाया?

अथवा

मूलराज का चरित्र-चित्रण कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिएः **1x4=4**

33. भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

खण्ड-'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: **1x3=3**

34. i) मेरे को अपनी माताजी से बहुत प्रेम है।

ii) छात्रों ने परीक्षा लिखते हैं।

iii) बाज़ार में अनेकों दुकानें हैं।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिएः **1x3=3**

35. i) टिकट कलेक्टर ने टिकट देखा। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) यात्री गंगा में स्नान करते हैं। (भविष्यत् काल में बदलिए)

iii) माली पौधों को पानी देगा। (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **1x3=3**

36. i) बैल ii) गुणवती iii) भतीजा

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः **1x3=3**

37. i) हित चाहने वाला

ii) जहाँ कोई न रहता हो

iii) कम जानने वाला

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **1x2=2**

38. i) सफल ii) स्थिति

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिएः **1x2=2**

39. i) साहित्यिक ii) सब्जीवाला

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 1x4=4

40. तत्ववेत्ता शिक्षाविदों के अनुसार शिक्षा दो प्रकार की होती है। प्रथम वह, जो हमें जीवन यापन के लिए अर्जन करना सिखाती है, दूसरी वह जो हमें जीना सिखाती है। इनमें से एक का भी अभाव जीवन को निरर्थक बना देता है। बिना कमाए जीवन निर्वाह संभव नहीं है। कोई भी नहीं चाहेगा कि वह परावलंबी हो- माता-पिता, परिवार के किसी सदस्य, जाति या समाज पर। विद्या से विहीन व्यक्ति का जीवन दूभर हो जाता है। वह दूसरों के लिए भार बन जाता है। साथ ही विद्या के बिना सार्थक जीवन व्यतीत नहीं किया जा सकता। वर्तमान शिक्षा पद्धति के अंतर्गत हम जो विद्या प्राप्त कर रहे हैं उसकी विशेषताओं को सर्वथा नकारा भी नहीं जा सकता। यह शिक्षा हमारे दृष्टिकोण को विकसित तथा भावनाओं को चेतना प्रदान करती है।

प्रश्नः i) शिक्षाविदों के अनुसार शिक्षा के दो प्रकार कौन से हैं?

ii) व्यक्ति क्या नहीं चाहेगा?

iii) विद्या विहीन व्यक्ति का जीवन कैसा होता है?

iv) शिक्षा हमें क्या प्रदान करती है?

आ) निबंध लिखिए : 1x4=4

41. हमारा प्यारा भारतवर्ष

अथवा

अपने लिए छात्रवृत्ति की आवश्यकता को बताते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1x3=3

42 i) ನಾವು ಎಲ್ಲಾ ಧರ್ಮಗಳನ್ನು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

We should respect all religions.

ii) ಎಲ್ಲರೂ ಅವರನ್ನು ಗೌರವದಿಂದ ಕಾಣುತ್ತಿದ್ದರು.

He was respected by everyone.

iii) ಊಟ ಬಲ್ಲವನಿಗೆ ರೋಗವಿಲ್ಲ.

One who eats well is immune to diseases.

*****